**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Need to expedite setting up of an airport at Dhalbhumgarh in Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand-laid.

**श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर):** मैं सरकार का ध्यान एक अतिमहत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं कि मेरा संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर बहुत बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है । यहां पर टाटा जैसी बड़ी कम्पनी स्थापित है । विदित है कि धालभूमगढ़ में एयरपोर्ट के निर्माण हेतु जनवरी माह, वर्ष 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं तत्कालीन राज्य मंत्री ने भूमि का पूजन किया था । इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी के द्वारा 100 करोड़ रुपये का आवंटन किया जा चुका हैं, परन्तु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अभी तक अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं देने के कारण आज तक एयरपोर्ट निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो पाया है ।

अतः माननीय मंत्री नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध है कि वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अविलंब एन.ओ.सी. प्रदान करवाने की कृपा करें, ताकि एयरपोर्ट का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा सके ।